पत्र संख्याःअपर आयुक्त (पुलिस)/ पुलिस कर्मी /उपार्जित/चिकित्सा अवकाश // 2022-23// 632 //राज्य कर

कार्यालय आयुक्त राज्य कर, उ0प्र0, लखनऊ

(पुलिस-कैम्प)

दिनॉक :: लखनऊ :: 12 फरवरी, 2023

समस्त,

अपर आयुक्त ग्रेड-2(वि0 अनु0शा0) राज्य कर,

उत्तर प्रदेश ।

प्रायः यह देखा जा रहा है कि लगभग समस्त जोनों द्वारा राज्य कर विभाग में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत पुलिस कर्मियों के अवकाश सम्बंधी प्रार्थना पत्रों पर कुल शेष देय उपार्जित / चिकित्सा अवकाश की सूचना का उल्लेख नही किया जा रहा है । कुछ प्रार्थना पत्रों पर सिर्फ **"पुलिसकर्मी के उपार्जित/चिकित्सा अवकाश लेखे में कुल 30 दिवस का हक देय है"** की टिप्पणी अंकित कर प्रार्थना पत्र मुख्यालय प्रेषित कर दिया जाता है । उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराया जाता है कि पुलिसकर्मी के गहन जनपद से चरित्र पंजिका प्राप्त न होने के कारण उपार्जित / चिकित्सा अवकाश देयता रिपोर्ट अंकित किया जाना सम्भव नहीं है ।

उपर्युक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि जिन पुलिस कर्मियों की चरित्र पंजिका उनके गहन जनपद से आपके जोन में प्रेषित नहीं की गयी है उन पुलिस कर्मियों के उपार्जित / चिकित्सा अवकाश प्रार्थना पत्रों को मुख्यालय अग्रसारित किये जाने से पूर्व सम्बंधित पुलिस कर्मी के गहन जनपद से पत्राचार कर कुल शेष देय उपार्जित / चिकित्सा अवकाश की सूचना प्राप्त कर लिया जाय । तत्पश्चात प्रार्थना पत्र पर कुल शेष देय उपार्जित / चिकित्सा अवकाश **(TOTAL BALANCE OF EARN / MEDICAL LEAVE)** की सूचना अंकित कराकर ही उन्हें मुख्यालय अग्रसारित किया जाय, जिससे उपार्जित अवकाश प्रदान किये जाने विषयक आदेश में अंकन योग्य समस्त तथ्यों का समावेश किया जा सके । यदि पुलिस कर्मियों के उपार्जित / चिकित्सा अवकाश प्रार्थना पत्रों को बिना कुल शेष देय अवकाश की सूचना अंकित कराये मुख्यालय को अग्रसारित किया जाता है तो उन प्रार्थना पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा ।

उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाय ।

15/02/23
15/02/2023
6593

(प्रकाश स्वरुप पाण्डेय)
आई0पी0एस0
अपर आयुक्त (पुलिस) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश ,लखनऊ ।

पृष्ठांकन पत्र संख्याःव दिनांकः उक्त ।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी राज्य कर मुख्यालय को आयुक्त महोदया के अवलोकनार्थ ।

2- समस्त जोनल अपर आयुक्त राज्य कर, उत्तर प्रदेश ।

3- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय लखनऊ को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु ।

4- समस्त उपायुक्त (प्रशासन)राज्य कर उत्तर प्रदेश ।

14/02/23

अपर आयुक्त (पुलिस) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश ,लखनऊ ।